## बिहार विधान सभा सचिवालय

## आवश्यक सूचना

अष्टादश बिहार विधान सभा का प्रथम सत्र दिनांक – 01.12.2025 से प्रारम्भ होकर दिनांक – 05.12.2025 तक अधिवेशित होने के लिए आहूत किया गया है। इस दौरान दिनांक – 01.12.2025 को नव निर्वाचित माननीय सदस्यों का शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान होगा। तत्पश्चात् दिनांक–02.12.2025 को अध्यक्ष, बिहार विधान सभा का निर्वाचन होगा। इसका सीधा वेबकास्टिंग http://webcast.gov.in/biharvs, www.vidhansabha.bih.nic.in तथा Youtube Channel-."Bihar Vidhan Sabha TV " पर देखा जा सकता है । साथ ही, सत्र के दौरान सदन की महत्वपूर्ण कार्यवाहियों का प्रसारण आकाशवाणी केंद्र, पटना एवं डीडी बिहार चैनल, दूरदर्शन केंद्र, पटना से किया जायेगा।

नव निर्वाचित माननीय सदस्यों से अनुरोध है कि दिनांक – 01.12.2025 को 11.00 बजे पूर्वाह्न में शपथ ग्रहण/प्रतिज्ञान के लिए निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के साथ बिहार विधान सभा में उपस्थित होने की कृपा करें।

सत्र के दौरान बिहार विधान मंडल परिसर में बाहरी व्यक्तियों एवं अनधिकृत वाहनों का प्रवेश अवांछनीय तथा निषिद्ध है । लिखित अनुमति अथवा प्रवेश–पत्र प्राप्त किये बिना कोई भी बाहरी व्यक्ति बिहार विधान मंडल की परिसीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे । सुरक्षा कारणों से बिहार विधान मंडल के पूर्वी मुख्य द्वार (गेट नं०–9 एवं 10) ही प्रवेश के लिए खुले रहेंगे ।

डॉ० ख्याति सिंह
प्रभारी सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।